कार्यालय वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल।

(दूरभाष / फैक्स सं0– 05942–235452] E-mail:-cf_skumaon@rediffmail.com

पत्र संख्या– 446 / 12–1 दिनांक, 15-09-,2022.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून

विषय :– जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग से खनस्यू तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.70 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।।(प्रस्ताव संख्या **FP/UK/ROAD/140247/2021)**

संदर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल का पत्रांक–712 / 12–इन्द्र सिंह बर्गली दिनांक 12.09.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रस्तावित मोटर मार्ग में आपत्तियां लगायी गयी थी, जिनका निराकरण कर बिन्दुवार आख्या निम्न प्रकार प्रेषित है–

क्र0 सं0	आपत्ति	प्रतिउत्तर
1	प्रेषित की गयी सूचना के बिन्दु संख्या 2 के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–2 में अभी भी हरियाली के घनत्व का उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि प्रेषित की गयी सूचना में हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है का उल्लेख किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें।	प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के रिपोर्ट के अनुसार हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है।
2	बिन्दु संख्या–4 के प्रतिउत्तर में स्पष्ट किया गया है कि लम्बाई x चौड़ाई के प्रमाण पत्र व संयुक्त निरीक्षण आख्या में वन पंचायत की भूमि की ल0चौ0 को ठीक कर दिया गया है जो कि नहीं किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें।	प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के रिपोर्ट के अनुसार प्रस्ताविक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि ल0चौ0 के प्रमाण पत्र व संयुक्त निरीक्षण आख्या में वन पंचायत की भूमि की ल0चौ0 को ठीक कर दिया गया है प्रति संलग्न है।
3	बिन्दु संख्या 7 के प्रतिउत्तर में उल्लेख किया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना निर्धारित दरों के अनुसार तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है, जो कि नहीं की गयी है।	प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के रिपोर्ट के अनुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना निर्धारित दरों के अनुसार तैयार कर पुनः संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(मान सिंह)
मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल

पत्रांक 446 / दिनांकित।

प्रतिलिपि–प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल को उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

(मान सिंह)
मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल